

# ऐतिहासिक फाग यात्रा में झूमे युवा, बच्चे और महिलाएं



**देवास।** सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में पारंपरिक फाग यात्रा श्री महाराणा प्रताप चित्तौड़गढ़ (जवाहर चौक)से सुबह 11 बजे सर्व समाज प्रमुखों द्वारा श्री गणेश वंदना,श्री राधा कृष्ण की आरती के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय को पंडितों द्वारा तीर्थो के अमृत जल की बौछार की गई,ततपश्चात यात्रा आरंभ हुई।

इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति,बच्चे और युवाओं ने रंगारंग फाग यात्रा का आनंद लिया।आरपी मिश्रा ने बताया कि करीब 2 किलोमीटर का सफर तय करते हुए फाग यात्रा नयापुरा, तुकोगंज रोड,जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, नॉवेलटी चौराहा एमजी रोड होते हुए संत शिरोमणि रविदास कुटी,काशी धाम (सयाजी द्वार)पर मातृशक्ति द्वारा श्री समरसता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ।

आगे सोनू पंजाबी ने बताया कि शालिनी रोड़ पर रामाश्रय परिवार,सुभाष चौक में विशाल जायसवाल व समाज द्वारा छाछ का वितरण,नोवेल्टी चौराहे पर चावड़ा परिवार द्वारा पोहे का विशाल भंडारा, सेन समाज द्वारा स्वागत, पिपली बाजार चौराहे पर संजय जैन लख्खा मित्र मंडल, मिठाई व्यापारी नमकीन संगठन एवं नीरज सोनी मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया।

अंत में सामजिक समरसता मंच द्वारा गरमा गरम आलूबड़े का वितरण किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से अमरदेव सिंह ठाकुर, अशोक गुप्ता,शिवजी संघवी,विजय गेहलोद, श्रेया चौबे, अल्पना तोमर, गरिमा श्रीवास्तव पूजा चित्रे, नीरज सोनी,त्रिलोचन सिंह खनूजा, अर्जुन वर्मा,अभिषेक जोशी, विनोद ठाकुर के साथ ही सामाजिक-धार्मिक संगठनो के जनप्रतिनिधि में मुख्य रूप से सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार, संत कृष्ण गोपाल दास महाराज, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर,महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल,सभापति रवि जैन पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, प्रयास गौतम, मनीष चौधरी आदि मौजूद थे।संचालन अमित राव पवार ने किया एवं आभार संजय शुक्ला ने माना।

### ये रहा मुख्य आकर्षण...

यात्रा का मुख्य आकर्षण श्री राधा कृष्ण झांकी, पंजाबी भागड़ा, भगोरिया नृत्य टोली, लठमार होली, प्रसिद्ध भजन गायकी संस्कृति पगारे व भजन गायक प्रितम सेंधालकर द्वारा यात्रा में होली एवं देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए जिसमें पूरा वातावरण रंग मय हो गया। इस ऐतिहासिक फाग यात्रा को 12 हजार से अधिक लोगो ने निहारा। जगह-जगह मंच लगाकर फाग यात्रा का स्वागत किया गया।



## फाग यात्रा के बाद निगम ने तुरंत कराई यात्रा मार्ग की सफाई

**देवास।** होली महोत्सव के अंतर्गत आज रंग पंचमी के पावन त्योहार पर सामाजिक समरसता द्वारा देवास शहर में निकाली गई फागयात्रा जो कि शहर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। इसके अंतर्गत यात्रा मार्ग पर गुलाल एवं अन्य वेस्ट कचरे को नगर निगम द्वारा सफाई अभियान चलाकर तुरंत सड़कों से साफ करवाया गया।

उल्लेखनीय है कि महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देशानुसार आज विशेष रूप से फागयात्रा मार्ग पर फाग यात्रा निकलने के पश्चात विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़कों की सफाई की गई ।

## नगर परिषद ने पहली बार मनाया होली मिलन समारोह रंगपंचमी उत्सव

**सतवास।** नगर परिषद सतवास द्वारा पहली बार रंगपंचमी पर महाराणा प्रताप चौराहा सतवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया । डीजे की धुन पर खूब थिरके युवा बच्चे रंग पंचमी पर विगत वर्षो की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी नगर परिषद अध्यक्ष प्रति सतनाम सिंघ बग्गा ने रंगपंचमी पर भव्य आयोजन किया।

इसमें पहली बार होली मिलन समारोह आयोजितकिया ओर सभी को पोहे जलेबी का नाश्ता करवाया गया और नगर के रंग प्रेमियों के साथ रंग गुलाल लगाकर डांस किया जिसमें डीजे की धुन पर युवाओं की टोली के साथ दिन भर थिरकते नजर आए युवा नगर परिषद द्वारा आयोजित रंग पंचमी महोत्सव महाराणा प्रताप चौराहा सतवास पर सुबह दस बजे से प्रारंभ हुआ शाम चार बजे तक चलता रहा जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा, सोनू दरबार, के साथ नगर परिषद के संजय व्यास, बंटू जोशी,अजय सिंह गौड़, पदम यादव, दिलिप शर्मा पियूष राठौर,राजेश मंडलोई, मुकेश मालाकार सहित नगर परिषद के सभी कर्मचारीयो ने नागरिको के साथ होली मिलन समारोह मनाया ।



नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा ने सभी रंगो के त्योहार रंग पंचमी की शुभकामनाए देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की और सौहार्द से महोत्सव संपन्न होने पर सभी साथियों का नगर के नागरिकों का आभार व्यक्त किया। रंग पंचमी महोत्सव पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा थाना प्रभारी विक्रांत झाझोट पूरे समय अपने स्टॉप के साथ महाराणा प्रताप चौराहा सहित सम्पूर्ण नगर में मुस्तैद रहे एक दिन पहले भी नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## सर्चिंग की कार्रवाई में पकड़ी अवैध शराब

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन और सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे एवं निलेश पंवार के नेतृत्व में आबकारी की टीम द्वारा देवास शहर एवं डबल चौकी क्षेत्र मे दबिश कार्यवाही की गई ,जिसमे संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग कर कार्यवाही की गई, जिसमें 145 पाव देशी मदिरा बरामद की गई। कार्रवाई में कुल 04 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 12500 रुपये है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव एवं अरविंद सोलंकी आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल ,निहाल खत्री,आशीष गुप्ता,सुरेंद्र सैनिक किशोर एवं अनिल सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



### एक नजर में

## गुर्जर समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**बुरहानपुर।** नगर के रेवा गुर्जर समाज मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय गुर्जर भवन संजय नगर में उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। मंडल के सदस्य किशोर पाटील एवं राजेश पाटील ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन,युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक.दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर समाज के वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक एकता, शिक्षा और समाज के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेल.जोल बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उपस्थित लोगों ने हर्षोल्लास के साथ एक.दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अल्पाहार का आयोजन किया गया। रेवा गुर्जर समाज मंडल के सदस्य दिलीप चौधरी ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## श्री प्राचीन चमत्कारी श्रीईच्छेश्वर हनुमान मंदिर जन्मोत्सव सप्ताह की रूप रेखा तैयार



**बुरहानपुर।** ब्रह्मपुर में आज दिनांक 08 मार्च रविवार को श्री प्राचीन चमत्कारी श्रीईच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीयो,सदस्यों एवं ईच्छैश्वर हनुमान भक्तों की उपस्थिति में लालबाग रोड़ स्थित साईनाथ गार्डन पर बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में शाहदरा ,लोधीपुरा स्थित चमत्कारी ईच्छैश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव सप्ताह की रूप रेखा पर सुनियोजित ढंग से कार्यक्रम तय किए गए । श्री हनुमान जन्मोत्सव निमित्त मंदिर निर्माण के संकल्प को लेकर 30 मार्च सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण, 1 अप्रैल विशाल वाहन रैली , अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा और ईच्छैश्वर हनुमान मंदिर परिसर पर हारून खान के राधे.राधे मंडल द्वारा भक्तिमय भजन कीर्तन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर विचार.विमर्श किया गया।

## महिला दिवस पर वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्रियों सम्मान



**बुरहानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कांग्रेस का किया सम्मान एवं स्वागत आज महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सरिता भगत ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व प्रथम महापौर डॉ फिरोजा अली वरिष्ठ महिला नेत्री हर्ष राज देवड़ा ,निगम अध्यक्ष अनीता यादव वरिष्ठ नेत्री योजना देवड़ा पूर्व निगम अध्यक्ष गौरी शर्मा दीप्ति बबलू देवड़ा सपना दलाल जसलीन कीर बबीता वास कर ले सभी को साल श्रीफल प्रशासनी पत्र के साथ सम्मान किया गया इस अवसर पर पार्षद अजय उदासीन सुखलाल महाजन घीसू लाल सुखवानी आशीष भगत आदि लोग मौजूद थे।

# चिटनिस का बुरहानपुर को मिली विकास की सौगातों के लिए किया स्वागत अभिनंदन

### डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल बुरहानपुर द्वारा खेली गई फूलों की होली

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री, विधायक अर्चना चिटनिस दीदी का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर आगमन दौरान बुरहानपुर के लिए की गई विकास की सौगातो की घोषणा को लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल बुरहानपुर द्वारा अर्चना दीदी का स्वागत एवं जोरदार अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर होलीकोत्सव निमित्त पुष्पवर्षा करते हुवे फूलो की होली खेली गई।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र काकडे द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर आगमन दौरान बुरहानपुर के लिए की गई विकास की अनेको सौगातो की घोषणा , भुसावल से भोपाल के लिए सिधे मेमू ट्रेन का विधानसभा में अर्चना दीदी द्वारा प्रस्ताव रखना जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मत्ती से उसे स्वीकार किया जाकर अनुमती प्रदान करना, विधानसभा में सहकारिता उपक्रम समिति का सभापति बनाया जाना, बुरहानपुर के विकास के लिए इतिहास बनाने से कम नहीं है। उसे लेकर अर्चना चिटनिस का जोरदार अभिनंदन किया गया। भाजपा नेता सुरेश पवार ने इस अवसर पर अर्चना दीदी के कार्यो की सविस्तार जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें बुरहानपुर के लिए वरदान है और कहा कि दीदी की बुरहानपुर के विकास को लेकर उनकी दृढ ईच्छाशक्ति का परिणाम है की अब विकास तेजी से होने लगा है। इस अवसर पर युवा नेता अमित मिश्रा का भी स्वागत एवं भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश गुलाबचंन्द पूर्वे का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानेश्वर मोरे, अमित मिश्रा , समर्थ चिटनिस, प्रभाकर चौधरी, भाजपा महामंत्री चिंतामन महाजन, बलराज नावानी, रूद्रेश्वर एन्डोले,संभाजी सगरे, सुरेश जी पवार, रवि गावडे, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र काकडे, पार्षद धनराज महाजन,आशीष शुक्ला, आकाश जैन, प्रसाद उमाले, गौरव शिवहरे, रजत भारद्वाज, युवराज जी महाजन, हिम्मत जी महाजन, उमा कपुर, रीना महाजन , सुधा चौकसे , दीपिका सोनी, ममता दुबे, आलोक मिश्रा , जगदीश सोनवणे, नीलेश सोनी,धर्मेंद्र पटेल,आकाश चौधरी, विजय जी शेवाडे, दिलीप दिवेकर, दिनेश पवार, संतोष गवले, मुकेश सोनी, राजकुमार जी वाघ सहित समस्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल बुरहानपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### एक नजर

### श्री ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान के माध्यम से जैन समाज ने की सुख शांति की कामना.....

# बुरहानपुर में भक्ति का रचा गया नया इतिहास, डॉ .सुरेन्द्र जैन भारती के आचार्यत्व की सबने की प्रशंसा





**बुरहानपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती,श्री राजेश चान्दमल जैन,श्री विमल कुमार पाटनी के पुण्यार्जकत्व में आज दिगंबर जैन समाज जनों की उपस्थिति में देवाधिदेव श्री ऋषभदेव भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ श्री ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान के महा आयोजन से संपन्न हुआ। विधान में सर्वप्रथम राजेश चान्दमल जैन,विमल पाटनी,दिलीप पहाड़िया, पवन जैन ठोलिया,शेखरचंद कासलीवाल,जम्बू कुमार पहाड़िया,संतोष पाटनी, प्रमोद बडजात्या , अरविंद जैन भिंड,कैलाशचंद पाटौदी ,संदीप शांतिलाल जैन ठोलिया एवं दिलीप कासलीवाल ने क्रमशः तीर्थंकर श्री आदिनाथ,तीर्थंकर श्री शांतिनाथ, तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतनाथ,तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ,तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के जिन बिम्बों का अभिषेक एवं शांति धारा की।

इस अवसर पर समाज के विशिष्ट जनों ने कर्म योगी डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार जैन भारती द्वारा रचित ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान पुस्तक का विमोचन किया। मंगल कलश की स्थापना अंजलि विमल पाटनी, अरिहंत पाटनी, मंजू महावीर सोनी, राखी प्रकाशचंद सेठी, शोभा कमल छाबड़ा, आस्था दिलीप कासलीवाल ने की। ज्ञानदीप का प्रज्वलन श्रीमती इन्द्रा सुरेन्द्र जैन भारती ने किया। आकर्षक रंगोली से बनाए गए ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान मंडल पर जिनवाणी की स्थापना धरमचंद पाटौदी, भागचंद जैन ठोलिया, आलोक पाटौदी, रमेश चंद सेठी ने की,अष्टप्रातिहार्य एवं अष्ट मंगल द्रव्य की स्थापना उषा रत्नाकर सोनेवाल,रितु अजय लुहाडिया, शीतल संतोष काला, सुनीता वीरेन्द्र बड़जात्या,सुमन राजकुमार बड़जात्या,मालती अरविंद जैन, सविता अशोक ठोलिया,मंजू शिखरचंद ठोलिया, काजल पंकज कासलीवाल,अंजू संदीप ठोलिया, श्वेता संदेश जैन, उषा भागचंद गंगवाल, ज्योति दिलीप पहाड़िया,डॉ.निशा डॉ. जितेन्द्र जैन,मंजू निर्मल पहाड़िया,पिंकी मनोज पाटोदी ने की। विनायक यंत्र की स्थापना श्री सम्यक् राजेश जैन ने की। जैन शास्त्र अनुसार इस प्रकार विशेष अनुष्ठान हेतु मंडल की संरचना की जाती है। निर्मल पहाड़िया, शंभू कुमार पहाड़िया, शंभू कुमार गंगवाल, गौरव लुहाडिया, संदेश सुरेन्द्र जैन,दीपक किरण हूमड, शरद हूमड, ओमप्रकाश गंगवाल आदि ने विशेष भूमिकाओं का निर्वाह किया। श्री राजेश चांदमल जैन ने पुण्याहवाचन किया।



उक्त विधान में श्रीमती माधुरी अतुल पटेल महापौर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने, युवा नेता गौरव शिवहरे, समाजसेवी भगवती प्रसाद बगड़िया, राजस्थान समाज के अध्यक्ष कैलाश चंद्र पारीक, सचिव अशोक लोहिया, सागरमल जी सेठी,महावीर प्रसाद जैन पहाड़िया, प्रोफेसर चंदन जैन, पुष्पेंद्र जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष द्वय मुकेश पूर्वे, दिनेश जैन, पत्रकार चंदन व्यास, रंजीत परदेसी, राकेश पूर्वे, एडवोकेट राखी हूमड, डॉ.सुनील दीक्षित, प्रो.शशिकांत दुबे, डा.अश्विनी महाजन, वासुदेव खरचे, पूजा छत्रे आदि अनेक विशिष्ट जनों ने विधान में पधार कर सुख समृद्धि की कामना के साथ श्रीफल समर्पित किया। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने नगर में आयोजित श्री ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती के रचनात्मक योगदान की सराहना की और जैन समाज के द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान को सर्वहितकारी बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने आयोजन की गरिमामय उपस्थिति एवं भक्ति देखकर कहा कि इससे हमारे बुरहानपुर का गौरव बढा है। सभी प्रतिनिधि गण जिन भक्ति के रंग में सराबोर हुए और रंग पंचमी को भक्ति के रंग से सार्थक किया।आज विश्व वनिता दिवस पर जैन समाज की मातृ शक्ति ने बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महिला शक्ति के गौरव को अभिव्यक्त किया।आयोजक डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती, राजेश जैन, विमल पाटनी ने विधान की व्यवस्था में सहयोग हेतु आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पवन जैन ठोलिया समाजसेवी संदीप ठोलिया, पंकज कासलीवाल, अंकित जैन ठोलिया,दिलीप जैन कासलीवाल,प्रवीण गंगवाल तथा जन्मदिन के उपलक्ष्य में कैलाशचंद्र पाटौदी का सम्मान कियाण्संगीत के साथ प्रभावी भजन प्रस्तुति के लिए आलोक रिखबचंद पाटौदी, श्रीमती कोमल जैन का अभिनंदन किया गया,समाज जनों ने आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की और कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती के द्वारा रचित इस विधान को सर्वजन मंगलकारक बताया। श्रीमती इन्द्रा जैन,शोभा जैन, अंजलि जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।